कानपुर हाईवे से जुड़ेगा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, वाहन बाहर से जा सकेंगे अयोध्या

जासं • लखनऊ : कानपुर हाईवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। अब कानपुर से आने वाले वाहन सीधे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए अयोध्या जा सकेंगे। बनी से आगे दाहिनी ओर मोहनलालगंज मोड़ से मौरावा होते हुए गोसाईगंज (38 किमी.) रूट को फोर लेन बनाया जाएगा। फोर लेन के इस रूट को नेशनल हाईवे घोषित कराने की भी तैयारी है। भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक के लोड को देखते हुए यह रोड तैयार किया जा रहा है। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल 18 पहियों वाले ट्रक और दूसरे भारी वाहन मोहनलालगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस पर नहीं जा पाते, क्योंकि सड़क सकरी होने के कारण मुड़ना संभव नहीं हो पाता है। फोर लेन नेशनल हाईवे बनने के बाद भारी वाहनों के लिए भी यहां से आना जाना आसान हो जाएगा। हाईवे बनने से विकास को गति मिलेगी और जमीनों के दाम भी बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे के शिलान्यास से तीन दिन पहले यह प्रस्ताव रक्षामंत्री के जरिए सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को दिया गया था। शिलान्यास के दौरान ही नितिन गडकरी ने कानपुर एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के प्रोजेक्ट पर सैद्धांतिक सहमति जताई थी। त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर हाईवे से लाखों श्रद्धालु अयोध्या जाते हैं जिनको लंबा रूट तय करना पड़ता है। फोर लेन बनने के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 80वें माइल स्टोन के पास से सीधे अयोध्या जा सकेंगे। इसके अलावा सुलतानपुर, रायबरेली, कानपुर व मोहान रोड भी हाईवे से जुड़ जाएगा। गुजरात, राजस्थान, नागालैंड, मध्यप्रदेश व दक्षिण भारत से आने वाले वाहनों के लिए यह रूट मददगार होगा।

38 किमी. रोड बनेगी फोर लेन, बनी के पास से मोहनलालगंज जाने वाली रोड तक

2022 में यह प्रस्ताव रक्षामंत्री के जरिए सड़क परिवहन मंत्री को दिया गया

परिकल्पना हो रही साकार

उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) का गठन इसीलिए किया गया है ताकि कई जिलों को एक साथ फायदा मिले। एससीआर में शामिल लखनऊ के अलावा हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी के कुल 27,826 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ विकास की परिकल्पना साकार हो रही है। कानपुर हाइवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को कनेक्ट करना एससीआर के विस्तार की दिशा में कदम है।